तापमान
अधिकतम 34 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, गुरुवार, 4 जुलाई 2024




दो वर्ष से बनी समस्या का एक घंटे में समाधान 10


जल-पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना जरूरी 10


## खबर संक्षेप

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पति काबू

**जुलाना।** जुलानारू क्षेत्र के मालवी गांव में महिला ने जहर निगल लिया था। मृतका के भाई की शिकायत के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले की जांच करते आरोपी पति सचिन को गिरफ्तार कर लिया है। गत 30 जून को भिवानी निवासी संजीव ने शिकायत में बताया कि उसकी बहन शिल्पा की शादी मालवी गांव निवासी सचिन के साथ की थी।

### जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक कल

**कैथल।** नगराधीश गुरविंद्र सिंह ने बताया कि 4 को लघु सचिवालय के सभागार में होने वाली जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक अब 5 जुलाई दोपहर बाद 12 बजे आयोजित की जाएगी। समिति की बैठक में कुल 14 मामलें रखे जाएंगे। उन्होंने बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता करेंगे।

### महिलाओं को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी

**सफीदों।** उपमंडल के गांव सिंघाना के आंगनबाड़ी केंद्र में महिला एवं बाल विकास विभाग ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुशीला जांगड़ा ने की। आयुर्वेदिक डॉ कपिल व योग सहायक पूजा ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां देने के साथ बरसात के मौसम में बिमारियों से बचाव करने की सलाह दी।

### बाइक की टक्कर से स्कूटी चालक घायल

**कैथल।** गांव हरिगढ़ कींगन में बाइक चालक ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को टक्कर मार दी। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। निवासी पूर्ण सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि 30 जून को स्कूटी पर गांव की मुख्य सडक से जा रहा था। वहां पर आरोपी गुरपाल ने तेजगति व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाते उसे टक्कर मार दी।

### दुकान का टूटा ताला 25 बैग चाय पत्ती चोरी

**जींद।** उचाना में बीती रात चोरों ने दुकान का ताला तोड़ कर 25 बैग चाय पत्ती चोरी कर लिए। जिसकी कीमत दो लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उचाना खुर्द निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसकी किरयाणे की दुकान का ताला तोड़ कर 25 बैग चाय पत्ती के चोरी कर लिए।

### चोरी की बाइक सहित आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरो पर शिकंजा कसते सीआईए-1 पुलिस ने चोरीशुदा बाइक सहित एक आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी जसमेर सिंह व एचसी महिपाल की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत बाता पुल के पास नाकाबंदी की गई थी।

### जेठ व बहू को हमला कर घायल करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव ढाकल में जेठ तथा बहु पर हमला कर घायल करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाकल निवासी माया ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका जेठ बलदेव अपने दिव्यांग भाई को लेकर गली से गुजर रहा था।

### मशीन चोरी के मामले में नाबालिग को निरुद्ध किया

**कैथल।** चावल सैलर से चावल कैट मशीन चोरी के मामले में एएसआई महेंद्र सिंह की टीम ने फ्रांसवाला रोड कैथल निवासी एक 17 वर्षीय किशोर को निरुद्ध किया । पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि विनीत की शिकायत अनुसार फ्रांसवाला रोड़ कैथल स्थित सैलर से अज्ञात चावल कैट मशीन चोरी कर ले गया।

## यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए सुपरफास्ट ट्रेनों में अनारक्षित बोगी बढ़ाएगा रेलवे

### ट्रॉयल के तौर पर श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी और जयपुर-दिल्ली-बठिंडा सैनिक एक्सप्रेस में दो-दो बोगी बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रेलवे सुपरफास्ट ट्रेनों में अनारक्षित बोगी बढ़ाएगा। इसको लेकर यात्रियों को सफर करने के दौरान कोई परेशानी नहीं आएगी। इसके लिए रेलवे ने ट्रायल के तौर पर श्रीगंगानगर-दिल्ली इंटरसिटी और जयपुर-दिल्ली-बठिंडा सैनिक एक्सप्रेस में दो-दो बोगी बढ़ा दी है। इसका असर यह हुआ कि अब इन ट्रेनों में यात्रियों को आराम से सीटें मिल रही है और सफर करने में कोई दिक्कत नहीं हो पा रही। रेलवे अधिकारियों ने भी सभी सुपरफास्ट ट्रेनों में बोगी बढ़ाने के लिए हेड ऑफिस में प्रपोजल भेजा हुआ है। बोगी बढ़ाने की मंजूरी मिलते ही सभी सुपरफास्ट ट्रेनों में अनारक्षित बोगी बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। गौरतलब है कि दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर रोजाना 15 से 'यादा सुपरफास्ट गाडिय़ां अपडाउन करती हैं। इनमें से अधिकतर गाडिय़ां लंबे रूट की है जो कि उत्तर से दक्षिण भारत तक जाती हैं। इन सुपरफास्ट ट्रेनों में नरवाना, उचाना, जींद और जुलाना स्टेशन से रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं। जिले से सैंकड़ों ऐसे यात्री हैं जो रोजाना दिल्ली, लुधियाना, बठिंडा, रोहतकए बहादुरगढ़ तक व्यापार के सिलसिले में आवागमन करते हैं। सुपरफास्ट ट्रेनों में अनारक्षित बोगी बढ़ने से दैनिक यात्रियों को भी काफी राहत मिलेगी। रेलवे ने फिलहाल दो सुपरफास्ट ट्रेनों में बोगी बढ़ाई है। इन दोनों ट्रेनों में बोगी ट्रायल तौर पर बढ़ाई हैए जिससे बोगी बढ़ाने से यात्रियों को कितना फायदा होगा। रेलवे ने श्रीगंगानगर से दिल्ली के लिए चलने वाली 12481-82 नंबर सुपरफास्ट ट्रेन में दो अनारक्षित बोगी बढ़ाई है जबकि 20409-10 दिल्ली कैंट.बठिंडा सुपरफास्ट ट्रेन में भी एक थर्ड एसी और एक आरक्षित कोच की अस्थायी तौर पर बढ़ोतरी की है। हालांकि श्रीगंगानगर इंटरसिटी में दो बोगी बढ़ाए जाने से यात्रियों की परेशानी खत्म हो गई है।




#### सफर में परेशानी नहीं आएगी

जींद रेलवे जंक्शन स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि सुपरफास्ट ट्रेनों में अतिरिक्त बोगी बढ़ाने के लिए प्रपोजल भेजा हुआ है। मंजूरी मिलते ही बोगी बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। ट्रेनों में अतिरिक्त बोगी बढ़ जाने पर यात्रियों को सफर करने में परेशानी नहीं आएगी और उनको सीट भी मुहैया होगी।

#### अवध-असम में यात्रियों को नहीं मिलती जगह

डिब्रूगढ़ से लालगढ़ अवध-असम ट्रेन का दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर गुजरने वाली ट्रेनों में सबसे लंबा रूट है। रेलवे ने इस ट्रेन से आरक्षित और अनारक्षित कोच घटा दिए हैं जबकि एसी कोच बढ़ा दिए है। इससे मध्यमवर्गीय यात्री अब टिकट लेकर इस ट्रेन में सफर नहीं कर सकते हैं। क्योंकि इस ट्रेन में न तो आरक्षित और न अनारक्षित कोच में जगह मिलती है। सीट तो मिलनी दूर खड़ा होने के लिए भी जगह नहीं मिल पाती। धानए गेहूं के सीजन में तो सफर करना बेहद मुश्किल है। क्योंकि इन दिनों में यूपी और बिहार से प्रवासी लोग मजदूरी करने के लिए हरियाणा और पंजाब जाते हैं। ट्रेन में जगह नहीं होने के कारण प्रवासी लोगों को टॉयलेट में बैठकर सफर करना पड़ता है।

### तेज हवा के कारण जींद-सफीदो मार्ग पर पेड़ टूटकर गिरे

## दिनभर उमस व तेज गर्मी से बेहाल लोगों को शाम को बारिश ने दी राहत

### अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में गिरावट, मौसम बना सुहाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में बुधवार को मौसम दिनभर करवट बदलता रहा। दोपहर बाद तक मौसम में बनी उमस तथा गर्मी ने लोगों को बेहाल रखा। शाम को तेज हवा के हलकी बारिश ने मौसम में बनी उमस से काफी हदक तक राहत देने का कार्य दिया। जिससे मौसम सुहाना बन गया। तेज हवा के कारण जींद-सफीदों मार्ग पर पेड़ टूट कर गिर गए। जिसके चलते रास्ता कुछ समय के लिए बाधित रहा। तापमान मे एक से दो डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। बावजूद इसके मौसम में बनी उमस तथा गर्मी के कारण दोपहर बाद तक लोग पसीने से तरबतर रहे। शाम को हुई हलकी बारिश ने उमस तथा गर्मी से राहत दिलाई। बुधवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 74 प्रतिशत तथा हवा की गति 10 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान आकाश मे बादल छाए रहने तथा बारिश की सभावना है। हलकी बारिश ने दिलाई उमस तथा गर्मी से राहत, बने रहे बारिश का आसार बुधवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों के साथ हुआ। दिन चढ़ने के साथ मौसम में जबरदस्त उमस बन गई। जिसने लोगों को काफी परेशान किया। दोपहर बाद गहरे बादल भी छाए बावजूद मौसम मे उमस 'यों की त्यों बनी रही। शाम को मौसम ने तेजी से करवट ली ओर आकाश में बादलों का जमावडा लग गया। जिसके साथ हवा की गति भी काफी तेज रही ओर धूल भी उड़ी और बूंदाबांदी भी शुरू हो गई। जो बाद में हलकी बारिश मे तबदील हो गई। हालांकि बारिश 'यादा देर तक जारी नही रही। बारिश ने गर्मरी् तथा उमस से कुछ हद तक राहत दी। बादलो का जमावड़ा आकाश में लगने से अच्छी बारिश के आसार भी बने रहे।


जींद। बारिश के बीच गुजरते वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि


जींद। जींद-सफीदों मार्ग पर सड़क के बीच में टूट कर गिरे पेड़।

#### धान रोपाई का अच्छा समय

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि मानसून के कमजोर होने के कारण जिले में बारिश नही हुई थी। अब फिर से मानसून की सक्रियता बढ़ी है। जिसके चलते बारिश की संभावना बढ़ी है। अगले 24 घटो के दौरान बादल छाए रहने तथा बारिश की सभावना है। धान रोपाई का अच्छा समय है।

#### अच्छी बारिश की दरकार कुछ हद तक मिली राहत

प्री मानसून की बारिश के बाद से धान रोपाई ने रफ्तार पकड़ी हुई है। मानसून के दस्तक देने के बाद से जिले में अच्छी बारिश नही हुई है। आकाश में हर रोज बादल घुमड़ रहे हैं लेकिन अच्छी बारिश नही हो रही है। किसान आसमां की तरफ टकटकी लगा कर देख रहे है। किसानों का कहना है कि मौसम में बनी उमस का फसलों पर विपरित प्रभाव पडता है। अगर अच्छी बारिश हो जाती है तो फसलों को काफी फायदा होगा। शाम को हुई बारिश ने किसानों को भी कुछ हद तक राहत दी है। आकाश में बादलो के छाने से बारिश के आसार बने रहे।

#### तेज हवा के कारण सफीदों रोड पर टूटे पेड़

बारिश के साथ चली तेज हवा के कारण सफीदों रोड पर गांव लोहचब के पास जींद-सफीदों मार्ग पर सफेदे के पेड़ टूट कर गिर गए। घटना के दौरान परिवहन समिति की बस सफीदों रोड से गुजर रही थी। गनीमत यह रही कि बस की स्पीड कम थी। जिसके चलते बड़ा हादसा नही हुआ। पेड़ सडक पर गिर जाने के कारण कुछ समय के लिए रास्ता भी बाधित हुआ। बाद में लोगों ने अपने साधनों से टूटे पेडों को हटा कर साइड में कर दिया। जिसके साथ रास्ता भी खुल गया।


कैथल। बरसात से पहले आकाश में छाई काली घटाएं।

## कैथल: आसमान में बादल खेलते रहे आंख मिचौली

### धान पर गर्मी का प्रभाव पड़ना शुरू

- बरसात न होने से किसानों के साथ साथ आम आदमी भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एक सप्ताह से बादल कैथल में आंख मिचौली का खेल खेल रहे हैं। बरसात न होने के कारण किसानों के साथ-साथ आम आदमी भी परेशान नजर आ रहा है। बुधवार को आसमान में बादल भी छाए, तेज हवाएं भी खूब चली लेकिन बरसात नहीं हुई। बरसात न होने के कारण अब खेतों में कुछ समय ही लगाई गई धान पर गर्मी का प्रभाव पड़ने लगा है। किसानों के अनुसार अब यदि जल्द ही बारिश नहीं हुई तो रोपाई की गई धान की फसल के खराब होने का खतरा बनेगा। प्रगतिशील किसान गुरदयाल सिंह ने कहा कि किसानों को बारिश का लंबे समय से इंतजार है, लेकिन अभी तक बारिश नहीं हुई है। बारिश न होने की स्थिति में हाल ही रोपी गई धान की फसल खराब होगी।

#### एक से दो दिन में तेज बारिश होने की संभावना

दिनभर चली हवाएं, लेकिन नहीं हुई बारिश-बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक आसमान में बादल तो छाए रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। उमस भरी गर्मी के बीच लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस दौरान अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया।पिछले काफी दिन से उमस के कारण बढ़ रही गर्मी के बीच लोग मायूस नजर आ रहें हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य समन्वयक डॉ. रमेश चंद्र वर्मा ने कहा कि यदि बारिश होगी तो ही किसानों की ओर से धान की फसल की रोपाई में तेजी लाई जाएगी। इस सीजन में एक भी बार बारिश न होने से खेत सूख हैं। डॉ. वर्मा ने कहा कि आगामी दिनों में मौसम परिवर्तन होने की संभावना है। अगले एक से दो दिन में तेज बारिश होने की संभावना है।

## बैंक का लोन नहीं भरने पर मकान पर कब्जा करने पहुंचा प्रशासन बैरंग लौटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

वार्ड 11 में बैंक का लोन न भरने पर मकान पर कब्जा करने के लिए प्रशानिक अमला भारी पुलिसबल के साथ पहुंचा लेकिन परिजनों और जनता सरकार मोर्चा के सदस्यों ने हंगामा कर दिया तो प्रशासन को बैरंग ही लौटना पड़ा। वार्ड 11 निवासी महिला बीरमति ने बताया कि उसने 2017 में केन्फीन होम लोन ब्रांच रोहतक से 13 लाख रुपये का लोन लिया था। 13 हजार रुपये की किश्त के साथ उसने लगभग नौ लाख रूपये का लोन भर भी दिया। बीरमति ने बताया कि उसने सात साल में अगस्त 2023 तक लगभग नौ लाख रुपये वापस भी दिए। जुलाना की तहसीलदार शालिनी लाठर को कब्जा लेने के लिए प्रशासन द्वारा ड्युटी मजिस्ट्रेट बनाया गया था। ड्युटी मजिस्ट्रेट भारी पुलिस बल के साथ बुधवार को दोपहर के समय मकान पर कब्जा लेने के लिए पहुंचे तो सूचना पाकर जनता सरकार मोर्चा के सदस्य मौके पर पहुंचे। जनता सरकार मोर्चा और परिजनों ने विरोध किया और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते रोष प्रकट किया। हंगामें को देखकर प्रशासन के हाथ पांव फूल गए और प्रशासन को बैरंग ही लौटना पड़ा।

#### लोन नही भरा

ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार शालिनी लाठर ने बताया कि प्रशासन द्वारा उन्हें ड्युटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। महिला ने बैंक का लोन नही भरा तो उसके मकान पर कब्जा करने के लिए प्रशासन पहुंचा था। लोन के बारे में तो बैंक के अधिकारी ही बता सकते हैं कि उनका कितना लोन बकाया था।



### संघ ने तहसीलदार को सौंपा मांगपत्र

**नरवाना।** आगामी 15 जुलाई से पूरे हरियाणा प्रदेश में हरियाणा कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज संघ के कर्मचारियों ने हड़ताल की घोषणा कर दी है साथ ही उन्होनें प्रशासन को कई बार अपनी मांगो को लेकर मांग-पत्र देकर अवगत करवाया है कि यदि आगामी 15 जुलाई से पहले उनकी मांगे पूरी नहीं होती तो पूरे हरियाणा प्रदेश के सभी तहसील कार्यालयों एवं सरल केन्द्रो में काम का चक्का जाम किया जाएगा। इसी कड़ी में बुधवार को नरवाना ई-दिशा केन्द्र में कार्यरत कम्पयुटर आप्रेटर्स ने अपनी मांगो एवं हड़ताल की बारे एक मांग-पत्र तहसीलदार निखिल सिंगला के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार को भेजा। इस मौके पर हरियाणा कम्पयुटर प्रोफेशनल्ज संघ के प्रदेश प्रैस प्रवक्ता राजेश श्योकंद ने बताया कि पिछली 23 तारीख को कुरूक्षेत्र में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया था।

## गंदगी के ढेर से नागरिक परेशान

- दुकानदार व शहरवासियों को सता रहा बीमारियां फैलने का भय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी शहर के मुख्य बाजार, वार्ड न. 7, वार्ड न. 9, शिव मोहल्ला में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हुए है। जिससे शहर के नागरिक काफी परेशान है। गंदगी के ढेरों में हर समय आवारा पशु मुंह मारते रहते है और सफाई कर्मचारी पांच-पांच दिनों तक सफाई ही नहीं करते है और न ही गंदगी उठाने के लिए आते है। दुकानदारों व शहरवासियों का कहना है कि गंदगी से बीमारी फैलने का भय बना रहता है। स्थानीय निवासी अमित, नीटू, सुभाष, बिटू, अशोक कुमार, नरेश कुमार, मुकेश, प्रवीण व प्रदीप कुमार ने बताया कि बाजार में हर रोज की चहल-पहल से काफी संख्या में शाम को गंदगी एकत्रित हो जाती है। जिससे बदबू मारती रहती है। सफाई न होने से पॉलीथिन व अन्य सामान जरा सी हवा से दुकानों में घूस जाता है। जिसके बारे कई बार नगरपालिका अधिकारियों को भी अवगत करवाया जा चुका है। पालिका द्वारा कूड़ा उठाने वाली गाड़ियां और सफाई कर्मचारी भी नहीं आ रहे है।



#### जल्द होगा समाधान

शहर में नियमित रूप से सफाई करवाई जाती है। उनके संज्ञान में किसी ने नहीं दिया कि उक्त वार्ड में सफाई कर्मचारी नहीं जा रहे है। गुरुवार को सुबह ही सफाई कर्मचारी भेज दिए जाएंगे। शहर में कहीं गंदगी नहीं रहने दी जाती है।

*अशोक कुमार, सचिव नपा पूंडरी।*

### मिशन-एडमिशन: विद्यार्थियों को मेरिट सूची का बेसब्री से इंतजार

जिले में 15 कॉलेजों में 9500 सीटों के लिए 13 हजार से अधिक आवेदन आ चुके

## कालेजों में डाक्यूमेंट वैरीफिकेशन संपन्न आज जारी होगी प्रोविजनल मेरिट सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिले में विभिन्न कॉलेजों में स्नातक कक्षाओं के लिए दाखिला प्रक्रिया जारी है। दाखिला प्रक्रिया के तहत आवेदन की समय भी समाप्त हो चुका है। इसके तहत बुधवार को विद्यार्थियों की ओर से अपने दस्तावेजों के सत्यापन का अंतिम दिन रहा था। अब वीरवार को विभाग की ओर से पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। पहली मेरिट सूची जारी होने से एक दिन पहले शहर के विभिन्न कॉलेजों में अपने दस्तोवजों के सत्यापन के लिए विद्यार्थियों की भीड़ जुटी थी। इस दौरान आरकेएसडी व आईजी महिला कॉलेज में विद्यार्थियों का तांता लगा रहा। गौरतलब है कि जिले में 15 कॉलेजों में 9500 सीटों के लिए दाखिले के लिए 13 हजार से अधिक आवेदन आ चुके हैं। 12वीं कक्षा में एनएसएस का मेरिट सर्टिफिकेट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अंडर ग्रेजुएट कोर्स में दाखिला के लिए आवेदन करने पर पांच अंक मिलेंगे। हरियाणा सरकार ने गत वर्ष अंडर-ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत पांच अंकों की मान्यता को बहाल करने का फैसला लिया था। वहीं कॉलेज पाठ्यक्रम की सीटों पर दाखिले के साथ-साथ खेल कोटे की सीटों पर भी दाखिले किए जाएंगे। इसके लिए आवेदकों के पास खेल विभाग से बना हुआ स्पोर्ट्स ग्रेडेशन सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है।

#### परिवार पहचान पत्र अनिवार्य

उच्चतर शिक्षा विभाग के जिला नोडल अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि विभाग के निदेशालय ने कॉलेजों में दाखिले के लिए जारी शेड्यूल में बदलाव किया था। इसके तहत स्नातक कक्षा में दाखिले के लिए अब चार जुलाई को पहली प्रोविजनल मैरिट लिस्ट जारी करने का फैसला लिया था। जबकि यह पहले दो जुलाई को जारी की जानी थी। पांच से 13 जुलाई के दौरान प्रथम और द्वितीय मेरिट लिस्ट जारी की जाएंगी। साथ ही फीस जमा करने की क्रिया जारी रहेगी। पहली दो काउंसलिंग के बाद कॉलेजों में नए सत्र की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। कॉलेजों में दाखिले के लिए परिवार पहचान पत्र अनिवार्य किए गए हैं।

## जच्चा की मौत,दो चिकित्सकों पर लापरवाही का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना के निजी अस्पताल में सिजेरियन डिलीवरी के बाद जच्चा की मौत के मामले मे शहर थाना नरवाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत सिजेरियन से प्रसव कराने वाले दो चिकित्सकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांधी नगर निवासी आरती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पूजा को प्रसव के लिए आशा वर्कर के कहने पर नरवाना के प्रताप अस्पताल में गत एक जुलाई को भर्ती करवाया था। चिकित्सक अनिल व महिला चिकित्सक रीना ने सिजेरियन से पूजा की डिलीवरी करवा दी। जिसने लड़की को जन्म दिया। जिसके बाद उसकी बहन पूजा की तबीयत बिगड़ गई। चिकित्सकों ने उन्हें बताया कि पूजा का हार्ट अटैक आया है। जल्दी से हिसार के सीएमसी अस्पताल ले जाओ। पूजा को गंभीर हालात में हिसार के अस्पताल में ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आरती ने आरोप लगाया कि उसकी बहन की मौत डिलीवरी के दौरान चिकित्सकों द्वारा लापरवाही से हुई है। पुलिस ने आरती की शिकायत पर चिकित्सक अनिल, रीना के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

खबर संक्षेप

## वुशु प्रतियोगिता में पायल का राष्ट्रीय स्तर पर चयन

**जींद।** फरीदाबाद में आयोजित 14 वीं हरियाणा स्टेट जूनियर वुशु चैंपियनशिप में आधारशिला विद्यालय की 11वीं कक्षा की छात्रा पायल ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर पूरे विद्यालय को गोरवांवित किया। छात्रा का चयन आगामी 26 जुलाई को तमिलनाडू में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। पायल की इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी की लहर है।

## सरकार की जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी दी

**जींद।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग द्वारा एक से 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान विभागीय तथा सूचीबद्ध भजन पार्टियां व नाटक मंडलियां गांवों में जाकर लोक शैली के माध्यम से नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों की जानकारी दे रही हैं।

## छात्रा के लापता होने पर अपहरण का मामला दर्ज

**जींद।** सिविल लाइन थाना इलाका स्कूल में गई छात्रा के सदिग्ध हालात मे गायब होने पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सिविल लाइन थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत एक जुलाई को उसकी 17 वर्षीय बेटी स्कूल गई थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लोटी। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

## गुरूकुल के 450 बच्चों के दांतों की जाच की

**जींद।** इंडियन डैंटल एसोसिएशन द्वारा डेंटल कैंप का आयोजन भारत विकास परिषद जयंती शाखा के सौजन्य से गांव छातर के शिव गुरुकुलम में किया गया। इस कैंप में विशेष रूप से डा. गौरव गर्ग, डा. मनीष गुप्ता, डा. प्रवीण मल्होत्रा, डा. अशोक खर्ब ने अपनी सेवाएं प्रदान की। इस कैंप में गुरूकुल के 450 बच्चों के दांतों की जाँच की गई। बच्चो को दांतों की बीमारियों के रोकथाम के लिए जानकारी प्रदान की गई।

## प्रदेश में बनेगी आप की सरकारः राजरूप

**उचाना।** आम आदमी पार्टी के हिसार लोकसभा उपाध्यक्ष राजरूप छात्तर ने कहा कि दिल्ली, पंजाब की तरह इस बार प्रदेश में भी आप की झाडू चलेंगी। इनेलो, कांग्रेस, भाजपा सबका राज मतदाता देख चुके है। इस बार आप को मौका देने का मन मतदाता बना चुके है। उचाना से भी मतदाता आप का विधायक बनाने का मन बना चुके है। अब तक यहां पर परिवारवाद को बढ़ावा मिलता रहा है।

## रा. प्राथमिक पाठशाला किशनपुरा में पौधरोपण

**जींद।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला किशनपुरा में छात्र व शिक्षकों ने पौधारोपण किया। विरेंद्र मलिक ने बच्चों को पर्यावरण के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। किसान प्रतिनिधि पालाराम ने बताया कि धरती पर प्रकृति ही भगवान का साक्षात स्वरूप है। जो हम सब का लालन-पालन करती है। पौधे हमारे ऐसे मित्र हैं।

## पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कारगर

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरू की गई है। इस योजना के तहत प्रदेश के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने का कुल खर्च एक लाख 10 हजार रुपये है।

## वन विभाग कर्मचारी संघ ने की मीटिंग

**नरवाना।** बुधवार को कस्बे की मेला मंडी नर्सरी में वन विभाग कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ नरवाना की मीटिंग सम्पन्न हुई। रा'य उप प्रधान व जिला प्रधान कर्मबीर शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में सभी रेंज सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें उन्होनें मांगे की कि पुरानी पैंशन बहाली की जाए। आठवां वेतन आयोग गठित किया जाए।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनी 164 समस्याएं

# दो वर्ष से बनी समस्या का एक घंटे में समाधान, जताई खुशी

**उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों में एसडीएम भी सुन रहे हैं नागरिकों की समस्याएं, डीसी ने अनेक समस्याओं का मौके पर ही किया समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बुधवार को विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर लगाया। शिविर में 164 समस्याएं आई। जिनमें अधिकाशं समस्याएं पीपीपी में आय व नाम ठीक करवाने, मजदूरी के लिए श्रम विभाग के तहत कॉपी बनवाने, दिव्यांगता प्रमाणपत्र बनवाने, वृद्धावस्था, दिव्यांग विधवा पेंशन बनवाने से संबंधित रहीं। डीसी ने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डीसी ने अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। डीसी ने कहा कि जिला मुख्यालय के अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित हो रहे हैं। नागरिक अपने संबंधित एसडीएम के पास अपनी समस्या लेकर जाएं उनकी समस्या का वहीं पर ही समाधान हो जाएगा। इसके साथ ही कहा कि पीपीपी में आय दुरूस्त करवाने के लिए नागरिक अपने आवेदन के साथ स्वयं के शपथ पत्र के अलावा अपने मकान के सामने खड़ा हुए का फोटो जरूर लगाएं। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदन के साथ सभी जरूरी आवश्यक दस्तावेज चैक करें। आवेदनकर्ता को अपने कार्य के लिए फिर से न आना पड़े।


जींद। शिविर में लोगों की समस्याओं का समाधान करते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

### सौ-सौ गज के प्लॉट दिलवाने की मांग उठाई

समाधान शिविर में गांव शाहपुर निवासी संतरो व कृष्णा ने उनको सौ-सौ गज के प्लॉट दिलवाने की मांग की। प्रेम नगर निवासी अभिषेक ने डीसी से अपने 16 वर्ष बेटे का जन्म पत्र बनवाने के लिए आवेदन किया। गांव गढ़ी निवासी सतपाल सिंह ने डीसी को बताया कि उनके गांव में रविदास चौपाल और दो गलियों में अवैध रूप से कब्जा है, जो छुड़वाया जाए। रूपगढ़ निवासी मेहर सिंह ने बताया कि उनको दो साल से किसान क्रेडिट कार्ड के तहत ण पर मिलने वाली ब्याज सब्सिडी नहीं मिल रही है। बुजुर्ग बलबीर ने बताया कि उनकी आधार कार्ड और परिवार पहचान पत्र में जन्मतिथि अलग-अलग दर्शाई गई है और उनका वोट कार्ड भी गुम हो गया है। जो कि नया बनवाया जाए। गांव सफाखेड़ी के ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि पिछले दिनों आंधी से उनके खेत में तीन बिजली के पोल गिर गए थे, उनको अतिशीघ्र फिर लगवाया जाए। इसी प्रकार से किलाजफरगढ निवासियों ने उनके खेतों में पानी का नाला बनवाने व पेयजल लाईन डलवाने की मांग की। गांव खापड़ के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी को बताया कि उनके गांव में पेयजल लाईन डालने के कार्य के दौरान गली उखाड़ दी गई थी लेकिन वह दुरूस्त नहीं की गई है। इससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव संगत पुरा निवासी जसबीर ने डीसी को बताया कि उन्होंने 15 अप्रैल को फसल बेची थी लेकिन उनके खाते में फसल के पैसे नहीं आए। गांव जलालपुरा कलां निवासी करिश्मा ने बताया कि वह फोन में तकनीकी खराबी के चलते एचकेआरएन में समय पर अपनी नौकरी 'वायन नहीं कर पाई थी। ऐसे में उनको एक मौका और दिलवाया जाए।

### शिविर के प्रति लोगों का दिन प्रतिदिन बढ रहा रुझान : एसडीएम

**नरवाना।** जनसाधारण की समस्याओं का समाधान अधिकारियों की सवारे्च्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी अधिकारियों का विशेष फोकस रहे कि अपने-अपने विभाग से संबंधित सरकार द्वारा प्रदत्त योजनाओं का पात्र व्यक्ति को लाभ मिलना लाजमी बने। यह निर्देश एसडीएम अनिल कुमार दून ने समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को दिए। स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम ने कहा कि रा'य सरकार अंतोदय कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में समाज के गरीब तबकों एवं आमजन के जीवन स्तर में सुधार के लिए लगातार कार्यक्रम बनाए जा रहे हैं। कार्यक्रमों की सार्थकता, अधिकारियों की निष्ठापूर्ण जवाबदेही एवं पारदर्शी कार्यशैली पर निर्भर करती है। लिहाजा सभी अधिकारी सरकारी सुविधाओं एवं सेवाओं को पात्र व्यक्ति तक संजीदगी एवं ईमानदारी से पहुंचाने का प्रयास करें। एसडीएम दून ने बताया कि समाधान शिविर के प्रति लोगों का रुझान दिन- प्रतिदिन बढ़ रहा है। एसडीएम के अनुसार बुधवार को आयोजित समाधान शिविर में पिछले दिनों की अपेक्षा आज 72 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें सबसे 'यादा यानी 25 शिकायतें परिवार पहचान पत्र में आय से संबंधित व अन्य त्रुटियों को दूर करवाने के संबंध में मिली है। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशन से संबंधित चार आवेदन तथा प्रॉपर्टी आईडी के अंतर्गत तीन, प्रधानमंत्री आवास योजना 15, प्रधानमंत्री किसान निधि योजना पांच, ईन्तकाल दो, बिजली से सम्बंधित एक व अन्य 13 शिकायतें विभिन्न प्रकार के मामलों से सम्बंधित प्राप्त हुई।

### समाधान शिविर में शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने का प्रयास करें : एसडीएम

**जींद।** लघु सचिवालय में बुधवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम मनीष फोगाट ने की। शिविर में कुल 43 समस्याएं आई। एसडीएम ने अन्य अधिकारियों के साथ शिविर में समस्याओं को सुना और उनके निदान के लिए मौके पर ही दिशा.निर्देश दिए। एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर छोटी से छोटी समस्याओं को पूरी गंभीरता से नागरिकों की संतुष्टि के साथ निपटाए। शिविर में आई 'यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया व अन्य शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान करने के आदेश दिए गए। शिविर में रत्ताखेड़ा गांव के बुजुर्ग रामचंद्र पेंशन संबंधित समस्या लेकर आए कुछ महीनों से उनकी पेंशन रुकी हुई है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि उनकी पेंशन 11 हजार रुपये की रिकवरी ना होने की वजह से रुकी हुई है। इसी तरह मुआना गांव निवासी 82 वर्षीय श्याम सिंह ने बताया कि उनके बेटे उनकी जमीन हड़पना चाहते हैं। एसडीएम मनीष फोगाट की मार्गदर्शन मे एएसआई संजय कुमार को जल्द से जल्द उनकी समस्या के निपटान के निर्देश दिए।

## सहकारी समिति की सहायक रजिस्ट्रार ने किया पौधरोपण

- देखभाल की जिम्मेदारी पैक्स कर्मियों व गांव वासियों को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समिति अदिति सांगर द्वारा बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. मुआना के सिंघाना स्थित बिक्री केंद्र में बुधवार को सहकारिता विभाग द्वारा वृक्षारोपण किया गया। इस मौके पर करीब 20 पौधों का रोपण किया गया। जिनके देखभाल की जिम्मेदारी पैक्स कर्मचारियो व गांव वासियों को सौंपी गई। सहायक रजिस्ट्रार द्वारा पैक्स सदस्यों को विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराते हुए प्रशासक मंडल से अपील की गई कि वह पैक्स के सुधार हेतु विभाग की योजनाओं में हिस्सा ले। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे जीवन का आधार हैं और इनकों लगाने के साथ-साथ संरक्षण की भी महती आवश्यकता है। हर इंसान को जीवन में एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। इस मौके पर सहकारी समिति के निरीक्षक सतबीर शरण, सिंघाना गांव के सरपंच सतबीर, पूर्व सरपंच सुरेंद्र राणा, हरीश शर्मा, महेन्द्र सिंह, पवन शर्मा, बसंत राणा, मुआना पैक्स के डायरेक्टर बलकार सिंह मौजूद थे।

## कम मतदान वाले पोलिंग स्टेशनों पर चलेगा जागरुकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिले में फोटो युक्त मतदाता सूची के सत्यापन का कार्य चल रहा है। इस दौरान नए वोट बनवाने व जिन वोटरों की मृत्यु हो चुकी है, उनके नाम काटे जाने की प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने ऐसे नागरिकों से वोट बनवाने का आह्वान किया जिनकी उम्र एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरी हो चुकी है। बीएलओ को भी निर्देश दिए कि डोर टू डोर सत्यापन कार्य के दौरान ऐसे पात्र नागरिकों की वोट बनाए जाएं। उपायुक्त ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने एक जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए फोटोयुक्त मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त संशोधन का कार्यक्रम जारी किया है। कार्यक्रम के अनुसार 25 जून से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) द्वारा घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन कार्य शुरू कर दिया गया है। यह अभियान 24 जुलाई तक चलेगा व 25 जुलाई को वोटर लिस्ट का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान के तहत बीएलओ का सहयोग करते हुए सही जानकारी उपलब्ध करवाकर उनका सहयोग करते सत्यापन का कार्य करवाएं।

## उद्योगों की कमी से युवक कर रहे पलायन

- मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन ने किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन का कार्यक्रम चंद्रलोक कॉलोनी निवासी सत्यनारायण शर्मा के निवास स्थान पर आयोजित करवाया। जिसमें काफी संख्या में महिला व पुरूष पहुंचे। कार्यक्रम में मध्य उत्तरी हरियाणा विकास संगठन की युवा अध्यक्ष वृंदा शर्मा ने कहा कि जिला जींद में उद्योग धंधे न होने के कारण जींद का विकास नही हो पा रहा है। उद्योग धंधों की कमी से जींद में रोजगार की कमी है। उद्योग न होने से युवा बड़े शहरों में पलायन को मजबूर है। कहा कि जींद के नौजवानों को पढे-लिखे करने के बावजूद उन्हें रोजगार नही मिल रहा है। जिसके कारण वह जींद को छोड़ कर रोजगार के लिए बड़े शहरों में जाने के मजबूर हैं। क्योंकि उन्हें जींद में अपना भविष्य नही दिखाई देता है। वृंदा शर्मा ने कहा कि यदि नौजवानों को जिला जींद में ही रोजगार मिले तो वे काम के लिए जींद से बाहर जाने की सोचेंगें ही नही। नौजवानों को रोजगार न मिलने के कारण वे मानसिक तनाव का शिकार हो रहे है। इस मौके पर संदीप सहारण (सरपंच जुलानी), सत्यनारायण शर्मा, राकेश, अनिल, निर्मल, नीलम, कमलेश, पूजा, रीना, ऊषा, कीर्ति आदि उपस्थित रहे।


जींद। महिलाओं के साथ वृंदा शर्मा।

### निर्माण मजदूर 10 को डीसी कार्यालय पर डालेंगे पडाव

**जींद।** निर्माण मजदूरों की 90 दिन की तसदीक कोई भी निगम के जेई लेबर इंस्पेक्टर व संबंधित अधिकारी नहीं कर रहे हैं। श्रम कल्याण बोर्ड के कार्यालय में रोजाना सैंकड़ों निर्माण के मजदूर आ रहे हैं लेकिन 10 से 20 का आवदेन ही हो पा रहा है। निर्माण मजदूरों की स्मास्याओं के समाधान के लिए 10-11जुलाई को उपायुक्त कार्यालय के आवास पर 24 घटे का पड़ाव डाला जाएगा। सरकार नही मानी तो 21 जुलाई को श्रम मंत्री आवास पर प्रदर्शन किसया जाएगा। इसके बाद 24 जुलाई को श्रम कल्याण बोर्ड कार्यालय सेक्टर 4 पंचकूला पर अनिश्चितकाल पड़ाव होगा। ब्लॉक उपप्रधान जोगिंद्र ने बताया कि जब से बीजेपी की सरकार सत्ता में आई है, निर्माण मजदूरों को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर कर दिया है। निर्माण मजदूरों के काम की 90 दिन कि वैरिफिकेशन जो पहले यूनियन करती थी अब उसकी जिम्मेदारी पंचायत सचिव, नगर निगम के जेई, लेबर इंस्पेक्टर, पटवारी, कानूनगो को सौंप रखी है लेकिन कोई भी अधिकारी इस कार्य को करने को तैयार नही है।

## 11 हजार लोगों को गंगा स्नान करवाने का लक्ष्य

- संगतपुरा से बुजुर्गो को हरिद्वार गंगा स्नान के लिए रवाना किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू ने बुधवार को जींद के संगतपुरा गांव से एक बस में सवार बुजुगोंर् और महिलाओं को हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए रवाना कर 100 दिनों में 11000 लोगों को गंगा स्नान करवाने की अपनी मुहिम को और आगे बढ़ाया। इस मौके पर बलजीत रेढू ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अपने बुजुर्गो को गंगा स्नान और दूसरी धार्मिक यात्राएं करवाना पुण्य माना जाता है। श्रवण कुमार ने अपने अंधे माता.पिता को अपने कंधों पर बैठाकर धार्मिक यात्रा करवाई थी। वह आज जींद क्षेत्र के अपने बुजुर्गों, माताओं और बहनों को बसों में मुफ्त गंगा स्नान इसी प्राचीन भारतीय सभ्यता और संस्कृति को आगे बढ़ाते हुए करवा रहे हैं। बुजुर्गों, माताओं और बहनों को मुफ्त गंगा स्नान तथा पानीपत जिले के चुलकाना के खाटू श्याम धाम और राजस्थान के सालासर जैसे धार्मिक स्थलों की यात्रा करवाने से उन्हें बहुत सुकून मिलता है। रेढू ने कहा कि इस तरह की समाजसेवा के लिए उन्हें गंगा मैया और भगवान से सामर्थ्य मिल रही है। उन पर इसी तरह गंगा मैया और भगवान का आशीर्वाद बना रहा तो समाजसेवा का सिलसिला जारी रहेगा। गांव के सरपंच सुनील, मास्टर सूबे सिंह, मास्टर उमेद सिंह, रामपाल सिंह, दिलबाग, राजेंद्र, जयदीप, जितेंद्र, सुरेंद्र मौजूद रहे।


जींद। संगतपुरा से बस को रवाना करते हुए बलजीत रेढू।


जुलाना। भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर को ज्ञापन सौंपते किसान।

### किसानों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में भाजपा नेता डा सुरेंद्र लाठर के कार्यालय पर अशरफगढ़, अनूपगढ़, बिशनपुराए व बिरौली के किसान पहुंचे। किसानों ने कहा कि एनएच 352 के निर्माण के समय उनकी जमीन का सरकार ने अधिग्रहण किया था। अधिग्रहण के बावजूद उन्हें आज तक मुआवजा नही मिल पाया है। जिससे किसान और भूमि मालिक अत्यंत कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। किसानों की मांग है कि जल्द से जल्द किसानों को मुआवजा दिया जाए। मुआवजा राशि के निर्धारण में पारदर्शिता रखी जाए। प्रभावित किसानों को रोजगार और अन्य सुविधाएं दी जाएं। इस मौके पर किसानों को भाजपा नेता डा. सुरेंद्र लाठर ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास नीति के तहत हर वर्ग का एक समान विकास करवा रही है। भाजपा ने किसानों की एमएसपी बढ़ा कर किसानो का सम्मान किया है। प्रदेश की भाजपा सरकार सबसे 'यादा 22 फसलों पर एमएसपी दी है। इसके अलावा किसान नेता चौ चरण सिंह को भारत रत्न देकर किसानों का मान बढ़ाया है। भाजपा सरकार सदैव से ही किसान हितेषी रही है। किसानों के मुद्दे पर वो प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान करवाने का पूरा प्रयास करेंगे।

## वृक्ष मानव के जीवन का आधार : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सोल एंड स्पीरिट आर्ट सोसायटी अखिल भारतीय कला एवं सामाजिक गतिविधियों के लिए कार्य करती है। वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण मानव जीवन को जीवित रखने के लिए बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से समिति ने 2024 के पर्यावरण प्रेमियों का चयन करके उन्हें सम्मान दिया। जिसमें सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य सत्येद्र त्रिपाठी, सोमबीर मलिक, प्रदीप कुमार, जयपाल, पारुल गौड़ को समिति के सदस्यों ने प्रशंसा पत्र, स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर अशोक छाबड़ा ने कहा कि वृक्ष मानव जीवन का आधार है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में काम से कम पांच पौधे लगा कर उन्हें वृक्ष बनने तक संभाल करनी चाहिए और इस मुहिम मे देश के प्रधानमंत्री ने भी आम जनता से आह्वान किया है एक पौधा मां के नाम हम सब को इसमें लगाना चाहिए। समिति के अध्यक्ष दीपक कौशिक ने बताया कि कला क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक चेतना में भी सदा तत्परता से लगे रहते हैं ताकि समाज जागृत रहे। इस मुहीम में पुरस्कारों के साथ-साथ शहर की दीवारों पर लेखन व पौधारोपण कार्य भी चल रहा है। सोसाइटी के कोषाध्यक्ष मोहित बब्बर, सुमित कुमार व अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।


जींद। पौधा प्रेमियों को सम्मानित करते हुए।


कन्या गुरूकुल की मेधावी छात्राओं को सम्मानित करते समाज सेवी बजरंग गर्ग।

### गुरूकुल की छात्राओं को नकद राशि देकर किया सम्मानित

**उचाना।** कन्या गुरूकुल खेड़ा में 10वीं कक्षा की चार छात्राओं को समाज सेवी बजरंग गर्ग बोहता वाले द्वारा 1100-1100 रुपए गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में किरण, मुस्कान, प्रीति, तन्नु शामिल रही। इससे पहले भी बजरंग गर्ग कन्या गुरूकुल में छठी कक्षा में पढ़ने वाली दो छात्राओं की पढ़ाई पर होने वाला सारा खर्च खुद वहन कर रहे है। गुरूकुल में अपनी मां के नाम से एक लाख एक हजार रुपए की राशि कमरा निर्माण को लेकर दी है। प्रधान हवा सिंह करसिंधु ने कहा कि कन्या गुरूकुल खेड़ा नारी शिक्षा को लेकर पूरे क्षेत्र में अलख जगा रहा है। यहां पर 17 गांवों से अधिक की छात्राएं पढाई करने आती है। कन्या गुरूकुल की स्थापना स्वामी गौरक्षानंद महाराज ने की थी। स्वामी गौरक्षानंद द्वारा देखे गए नारी शिक्षा के सपने को आज कन्या गुरूकुल पूरा कर रहा है। जो पौधा नारी शिक्षा को लेकर कन्या गुरूकुल की शुरूआत करके लगाया था आज वो वट वृक्ष बन चुका है।

### औषधीय गुणों की खान हमारे देश के प्राचीनकाल से जुड़े पेड़ व पौधे

# जल-पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव आईएएस ने कहा कि मौजूदा समय में दिन-प्रतिदिन पानी की किल्लत बनती जा रही है। इसके साथ ही पेड़ों की अंधाधुंध कटाई के साथ पर्यावरण का संतुलन भी बिगड़ता जा रहा है। जल और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक को जागरूक होने की जरूरत है। इसके लिए अभियान चलाया जाए जिसमें विद्यार्थियों युवाओं और महिलाओं को भी जोड़ा जाए। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव आईएएस ने यह निर्देश स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में जल शक्ति अभियान के तहत आयोजित संबंधित विभागों के अधिकारियों को जल संचय और पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिए। उन्होंने कहा कि कैच दा रेन के साथ ही सरकार ने जल संरक्षण के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति का मुख्य स्लोगन दिया है। ऐसे में जल संरक्षण अभियान में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाए। बारिश के पानी को संचय करने के लिए प्राकृतिक संसाधनों को बनाए रखने की जरूरत है। ऐसे में हमें गांवों के तालाब कुओं बावड़ी का रख.रखाव सही ढंग से करना होगा। कहा कि जल संरक्षण के लिए स्कूल व कॉलेजों में भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई जाए। पंचायतीराज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों एमहिला स्वयं सहायता समूह, महिला एवं बाल विकास विभागए स्वयं सेवी संस्थाएं व नेहरू युवा केंद्र तथा प्रबुद्ध लोगों को जोड़ कर इसे एक अभियान का रूप दिया जाए। कहा कि हमारे देश की विरासत बड़ी समृद्ध है। यहां के पेड़ों में कोई न कोई औषधीय गुण जरूर मिलता है। यही कारण है कि यहां पर पेड़ों की पूजा होती है। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल व कॉलेजों में जल व पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ बच्चों को वनस्पति व पक्षियों के बारे में भी जानकारी दी। कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनका पालन व पोषण करना भी जरूरी है। युवा पीढ़ी को प्रकृति के साथ जोड़ें। विभाग, शिक्षा , वन , लोक निर्माण विभाग को उनके कार्यालय परिसर में अधिक से अधिक से पेड़ लगाने के निर्देश दिए।


ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त सचिव पंकज यादव आईएएस।



### खुले नलों पर लगाई टेप, जल बचाने का दिया संदेश

**जींद।** जल संरक्षण अभियान के तहत बुधवार को गांव बेलरखां ब्लॉक उझाना में खंड समन्वयक सुरेंद्र नरवाल के नेतृत्व मे व सुदकैन खुर्द में खंड समन्वयक कुशल शर्मा के नेतृत्व में सप्लाई चलवा कर खुले नल चलाने वाले, भैंस नहलाने वाले, खुले नल पर कपड़े धोने वाले ग्रामीणों के घर-घर जाकर जागरूक किया ताकि जो खुले नल चलने के कारण पानी बर्बाद हो रहा है, उनके उपर टेप लगाकर पानी की बर्बादी को रोका जा सके और ग्रामीण अपने स्तर पर पानी की बहुत 'यादा बर्बादी कर रहे हैं। लोग पानी आगे नहीं पहुंचाना चाहते है, विभाग के कर्मचारियों के समझाने और ग्रामीणों को पीने के पानी की महत्वता के बारे में बताने, पीने के पानी के ऊपर सबका अधिकार होने के बारे में जागरूक करने के पश्चात जब खुले नल बंद किए गए तो जोन मे आखिरी के घरों तक भी पानी पहुंच गया। टोल फ्री नंबर 18001805678 के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## खबर संक्षेप

### सांसद आज राम भक्तों की बस को दिखाएंगे झंडी

**कैथल।** कुरूक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल वीरवार को करीब 11 बजे लघु सचिवालय परिसर से अयोध्या के लिए तीर्थ यात्रियों की एक बस को हरी झंडी देंगे। इसके उपरांत सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के विशेष प्रचार अभियान के तहत लगाए गए वाहन को भी हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। इससे पहले सांसद अधिकारियों के साथ बैठक लेकर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। इस बारे विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत हरियाणा राज्य परिवहन विभाग की एक वोल्वो बस तीर्थ यात्रियों को लेकर कैथल से अयोध्या जाएगी।

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन पंचकूला में कल



**नरवाना।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक 5 जुलाई को सुबह 11 बजे मनसा देवी गौ धाम, मनसा देवी टेंपल कॉम्प्लेक्स पंचकुला में प्रदेश अध्यक्ष कुलभूषण गोयल (मेयर)की अध्यक्षता में एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल शरण गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित की जा रही है। इस महत्वपूर्ण बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी और और प्रदेश में आगामी योजनाओं को क्रियान्वित करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### ग्रामीणों को कांग्रेस का संकल्प पत्र दिया

**जींद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढ़ू ने कहा कि विसि चुनाव में कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं पार्टी को दो तिहाई से ज्यादा बहुमत से सत्ता में लाने के लिए रातदिन एक कर दें। बलजीत रेढ़ू बुधवार को संगतपुरा में ग्रामीणों से बातचीत कर रहे थे। ग्रामीणों को कांग्रेस का संकल्प पत्र भी दिया जिसमें पार्टी ने सत्ता में आने पर अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को 100-100 गज के प्लॉट पर मकान बनाकर देंगे।

# ड्यूटी में कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी : कुलविंद्र सिंह

■ पुलिस लाइन में आईजी करनाल रेंज ने ली क्राइम मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कैथल

पुलिस महानिरिक्षक करनाल मंडल करनाल कुलविंद्र सिंह आईपीएस की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस लाईन कैथल में क्राईम मिटिंग ली गई, जिसमें एसपी उपासना, डीएसपी मुख्यालय उमेद सिंह, डीएसपी कुलदीप बेनीवाल, डीएसपी ललित कुमार, डीएसपी अमित कुमार, डीएसपी गुरविंद्र सिंह तथा जिला के सभी थाना प्रबंधक व सीआईए-1 व सीआईए-2 प्रभारी मौजूद रहे। आईजी कुलविंद्र सिंह को पुलिस लाइन कैथल पहुंचने पर पुलिस गार्द द्वारा सलामी दी गई। मिटींग दौरान सर्वप्रथम आईजी द्वारा सभी से परिचय प्राप्त किया गया। मिटिंग के दौरान लंबित चल रहे मामलो की प्रगती रिपोर्ट हासिल करके आईजी द्वारा जिला के सभी डीएसपी तथा थाना प्रबंधको को उचित दिशा निर्देश दिए गये। अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में रात्रीकालीन पट्रौलिंग को पूर्ण जागरुकता तथा प्रभावशाली तरीके के साथ करने के आदेश देते हुए आईजी द्वारा सभी थाना प्रबंधको को क्षेत्र में चोरी की वारदातों तथा नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के आदेश दिए, ताकी अपराध पर प्रभावी तरीके से अंकुश लगाया जा सके। पुलिस प्रवक्ता ने बताया बैठक दौरान करनाल रेंज कुलविंद्र सिंह ने पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी थाना प्रबंधक व डीएसपी सुनिश्चित करें कि उनके अधीनस्थ पुलिस कर्मचारी व अधिकारी संजीदगी पुर्वक कर्तव्यपालना करे। आईजी द्वारा सभी को नए कानुन बारे जानकारियां भी दी गई और इनके तहत कार्रवाई करने के लिए उचित दिशा निर्देश दिए गए। अनुसंधानाधिन चल रहे संगीन मामलों की प्रगती रिपोर्ट हासिल करते हुए सभी डीएसपी व थाना प्रबंधकों को उचित दिशानिर्देश दिए गये। आईजी ने निर्देश दिए कि कोई भी जघन्य अपराध घटित होने पर समय रहते साईबर सैल की समुचित सहायता प्राप्त करके शीघ्रातिशीघ्र अभियोग को सुलझाने का प्रयास करें। उन्होने सभी को आदेश दिए की स्नैचिंग, चोरी, लूट जैसी वारदातो पर अंकुश लगाने के प्रयास करें, जिसके लिए रात्रीकालीन गश्त को प्रभावशाली तरीके से करें, नाकाबंदी के दौरान वाहनों तथा संदिगध व्यक्तियों की जांच अवश्य करें। उन्होने आदेश दिए की आमजन से सामंजस्य स्थापित करके अपराध तथा अपराधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास करें। जनता से विनम्र व्यवहार करके पुलिस छवि को बेहतर बनाने का प्रयत्न करें, ताकि आमजन का पुलिस पर और ज्यादा विश्वास बढे। आईजी ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर, पैरोल जंपर व अवैध असला-अमुनेशन रखने वालो, मादक पदार्थ व शराब तस्करो के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर इस प्रकार के अधिकाधिक अपराधियों को पकडकर मुहीम को सफल बनाना चाहिए। आईजी ने आदेश दिए कि कानून एवं व्यवस्था डयूटी में कोताही किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी।



**कैथल।** पुलिस महानिरिक्षक करनाल मंडल करनाल कुलविंद्र सिंह अधिकारियों की बैठक लेते हुए। फोटो :हरिभूमि

## कलायत में जीत के बाद जनता का आभार जताने पहुंचे सांसद नवीन जिंदल

# सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का जनता को दिया आश्वासन

### किसानों से आग्रह किया की फसल चक्र में बदलाव लाकर मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत

सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प की शुरूआत कुरुक्षेत्र लोकसभा से होगी। उनका प्रयास है कि कुरुक्षेत्र कैथल दोनों जिले ऐसे हों। जो विकसित भारत के स्वप्न को साकार करने में सबसे पहला कदम रखें।

सांसद नवीन जिंदल कलायत के महाराणा प्रताप सामुदायिक केंद्र में पूर्व मंत्री एवं विधायक कमलेश ढांडा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में जनता का धन्यवाद करने पहुंचे थे। सांसद जिंदल ने कहा कि लोकतंत्र भारत की खूबसूरती है इसलिए वोट जात पात देखकर नहीं, बल्कि काबलियत देखकर करना चाहिए। पार्टी कार्यकताअरं से रूबरू होते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि पूरे विश्व में भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है। जो साधारण कार्यकर्ता को ऊंचे मुकाम तक पहुंचा सकती है। इसका उदाहरण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी है। जो जमीनी स्तर से उठकर इतने बड़े मुकाम तक पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि जीत के बाद वे लोगों का धन्यवाद करने गांव-गांव जाएंगे और लोगों की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के लिए प्रयास करेंगे। नवीन जिंदल ने कहा कि किसानों की समस्याओं को भी दूर करवाना उनके एजेंडे में शामिल है। वे किसान संगठनों से बातचीत करके उनकी समस्याओं को समझना चाहते हैं ताकि समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके। इसके लिए वे कृषि विशेषज्ञों से राय भी लेंगे कि कैसे कृषि व्यवस्था को लाभदायक बनाने की दिशा में सुधार किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया की फसल चप में बदलाव लाकर मोटे अनाज का उत्पादन बढ़ाएं। सरकार भी मोटे अनाज की पैदावार के लिए किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ-साथ पशुपालन के क्षेत्र में सुविधा मुहैया कराने के लिए भी संबंधित विशेषज्ञों एवं अधिकारियों से संपर्क किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक गांव में अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग की चौपाल की मरम्मत का कार्य सरकार द्वारा करवाया जा रहा है। पूर्व मंत्री विधायक कमलेश ढांडा ने सभी कार्यकताअरं को आगामी विधानसभा चुनाव के लिए तैयार रहने को कहा। साथ ही निर्देश दिए कि पन्ना प्रमुख पूरी तरह से एक्टिव होकर लोगों के बीच जाएं और उनकी नब्ज टटोलें की पार्टी जिन स्थानों पर पिछड़ी है। वहां वजह क्या रही, ताकि विधानसभा चुनाव से पहले इसे दूर किया जा सके। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन, अनाज मंडी एसोसिएशन, ओबीसी समाज, एससी समाज सहित कई संगठनों ने सांसद जिंदल को पगड़ी पहनाकर उनका अभिनंदन किया।



**कलायत।** सांसद नवीन जिंदल और विधायक कमलेश ढांडा कलायत में जनसभा के दौरान। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर जयदीप राणा, मंडल अध्यक्ष मदन मटोर, कपिल दीक्षित, राजीव राणा, सुरेश राविश, नरेश ढांडा, राजू कौशिक, राजेश राणा, राजबीर कादियान, तुषार ढांडा, ज्ञानीराम कश्यप, राजकमल ढांडा, धर्मपाल धीमान, गीता राणा, राममेहर शर्मा, कृष्ण गोरखपुरिया, भगवान दास बंसल, कमलेश शर्मा पार्षद, पवन शर्मा, महिपाल राणा, कुलविंदर राणा, मंडी प्रधान सुरेंद्र ढुंडवा, राजेश बिढान, सोहन लाल मटोरिया, रामदिया यादव, कूड़ा राम व अशोक रामगढ आदि मौजूद रहे।

# कैंप में 107 शिकायतें दर्ज 15 का मौके पर समाधान



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार और एडीसी सी जया श्रद्धा शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

■ समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश सरकार के निर्देशों पर समाधान शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है, जिनमें जिला प्रशासन द्वारा समाधान शिविर की शिकायतों का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जा रहा है। नागरिक भी समाधान शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा की जा रही समस्याओं की सुनवाई के प्रति संतोष व्यक्त कर रहे हैं। बुधवार को आयोजित हुए समाधान शिविर में डीसी प्रशांत पंवार, एडीसी सी. जया श्रद्घा, एसपी उपासना, एसडीएम ब्रह्म प्रकाश तथा डीएमसी सुशील कुमार ने लघु सचिवालय परिसर स्थित सभागार में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई की। सुबह 9 बजे से 11 बजे तक आयोजित हुए शिविर में 107 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से 15 का मौके पर ही निवारण किया और अन्य के लिए शिविर में मौजूद अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का समाधान त्वरित आधार पर करने के लिए तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि इन समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक नागरिक की सरकारी सेवाओं और योजनाओं तक आसान पहुंच हो और सरकारी योजनाओं व सेवाओं का लाभ लेने में उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। आमजन द्वारा शिविर की सराहना की जा रही है क्योंकि उन्हें अपनी समस्याओं का समाधान कराने के लिए एक बेहतर मंच मिला है। अमरगढ़ गामड़ी निवासी जोगिंद्र विकलांग पेंशन की समस्या लेकर समाधान शिविर में पहुंचे।

## शिविर में 54 बच्चों का हिमोग्लोबिन टेस्ट किया

**पूंडरी।** भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी द्वारा राजकीय कन्या स्कूल पडरी में एनीमिया चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें गुरु नानक लैब द्वारा मुफ्त में टेस्ट किए गए। इसमें 54 बच्चों का हीमोग्लोबिन टेस्ट किया गया। जिसमें से कुछ बच्चों को बाद में डॉक्टर मनोज मंगल व मनीषा मंगल द्वारा एचपी बढ़ाने के लिए उचित सलाह व खानपान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, शाखा संरक्षक विनोद बंसल, महिला संयोजिका निधि मोहन, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, ग्राम व बस्ती संयोजक प्रभात गोयल, सोहनलाल गर्ग, सारिका शेट्टी, अशोक गर्ग व अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद थे।



**पूंडरी।** भाविप सदस्य स्कूल प्रिंसिपल को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

## मुख्यमंत्री ने ट्यूबवेल कनेक्शन के रूप में अन्नदाताओं को दी बड़ी सौगात : देवीदयाल

**पूंडरी।** गांव बरसाना में भाजपा करोड़ा मंडल कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता करोड़ा मंडल अध्यक्ष देवीदयाल बरसाना ने की। बरसाना ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा दो दिन पहले की गई घोषणाओं से सबसे अधिक लाभ सरपंचों व किसानों को हुआ है। जिन किसानों ने कई वर्षों से ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन के लिए अप्लाई किया हुआ था और सरकार द्वारा प्रतिबंध के चलते वे कई वर्षोंर् से इंतजार कर रहे थे, उन्हें मुख्यमंत्री ने किसानों को कनेक्शन के रूप में बड़ी सौगात दी है। सरपंचों के पंचायती अधिकारों को बढ़ाया गया है। सरकार अब हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। इस मौके पर पूर्व सरपंच रामदिया, सरदार जरनैल सिंह शाहू, सत्यवान व मनोज राणा फरल भी मौजूद थे।



**पूंडरी।** भाजपा करोड़ा मंडल की बैठक में भाग लेते हुए कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# विद्यार्थियों ने सीखा वेस्ट टू बेस्ट बनाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुंडरी में सात दिवसीय यूथ एंड इको क्लब शिविर के तीसरे दिन वेस्ट मटेरियल को कैसे रिड्यूज किया जाता है इस विषय के बारे में सुशील प्राध्यापक गणित और संदीप प्राध्यापक अंग्रेजी ने विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक डेमो के माध्यम से जानकारी दी। सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि प्लास्टिक की बोतलों का दोबारा इस्तेमाल घर पर पौधे उगाने के लिए किया जा सकता है । बोतल को काटें, उसे रंगें और उसे छोटे प्लांटर के रूप में इस्तेमाल करें। अलग-अलग आकार की प्लास्टिक की बोतलों से बालकनी या रसोई की खिड़की के बाहर एक छोटा सा वर्टिकल गार्डन बनाएं। ऐसी प्लास्टिक की बोतलें चुनें जो मिट्टी, पौधों और पानी का भार सहन कर सकें।



**कैथल।** वेस्ट टू बेस्ट बनाना सीखते विद्यार्थी फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को पढ़ाया साइबर जागरुकता का पाठ

■ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तुरंत 1930 पर शिकायत करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा गांव नौच सरकारी स्कूल में राहगीरी साइबर क्राइम जागरुकता अभियान के तहत ग्रामीणों सहित विद्यार्थियों को साइबर क्राइम बारे जागरूक किया गया।

एएसआई विनोद, एएसआई जसबीर सिंह तथा एचसी विनोद कुमार की टीम द्वारा साइबर क्राईम से बचने के लिए बरती जाने वाली जरुरी सावधानियों बारे बताया गया। सेमिनार में मौजूद स्कूल स्टाफ व विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए टीम ने बताया कि आधुनिकता के युग में आज हर क्षेत्र का डिजिटलीकरण हो गया है जिसके कारण आम नागरिकों को जहां इस कारण बहुत लाभ हुआ है वही अपराधी किस्म के लोग इसमें सेंध लगाकर साइबर क्राइम कर आम आदमी के साथ रोज नित नए तरीके अपनाकर फ्रॉड कर रहे हैं, इन्हें रोकने के लिए हम सबको मिलकर सांझे प्रयास करने होंगे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे किसी भी प्रकार से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे। ऑनलाइन खरीदारी करते समय विशेष तौर पर सावधानी बरते व सतर्क रहकर एडवांस पे ना करें।



**कैथल।** विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**सूचना**

मैं, धर्मपाल पुत्र श्री चिमन लाल निवासी गांव सलीमपुर मदूद सब तहसील ढाण्ड जिला कैथल बयान करता हूं कि मेरा पासपोर्ट नं. A629891 जारी तिथि 05-07-1991 to 04-01-2001 तक के लिए बना हुआ है। जिसमें मेरे पिता का नाम चमन लाल लिखा हुआ है। जो कि गलत है। अब मैं अपने पासपोर्ट में अपने पिता का सही नाम चिमन लाल करवाना चाहता हूं जो कि सही व दुरूस्त है।

**सूचना**

मैं, श्री संजीव कुमार पुत्र ओमप्रकाश निवासी गांव पिंजुपुरा, तहसील कलायत, जिला कैथल ने अपनी असल सेल डीड नंबर 2354/1 दिनांक 16-10-2023 जो कमलेश पत्नी ओमप्रकाश के पक्ष में है जो करनाल रोड कैथल में दिनांक 25-05-2024 को गुम हो गई है। इस संबंध में आवश्यक सूचना संबंधित थाना कैथल में दे दी गई है। अगर किसी को उक्त असल डीड मिलती है तो वह हरदीप सिंह रानू एडवोकेट को चेंबर नंबर 73, जिला न्यायालय, कैथल के पास पहुंचा दे या उनके मोबाइल नंबर 98960-78197 पर 7 दिन के अंदर सूचित करें।

**सूचना**

मैं, कुलदीप सिंह पुत्र श्री रामगोपाल निवासी जै-जैवन्ती तह. जुलाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मैं भारतीय सेना में JC-243329 F Risaldar (81 आर्मड रेजिमेन्ट) के पद से सेवानिवृत्त हूं। जिसका ACC record अहमदनगर है। मैरे सैन्य रिकॉर्ड में मेरी पुत्री का नाम पुष्पा रानी दर्ज है जबकि मेरी पुत्री के सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, वोटर कार्ड, परिवार पहचान पत्र और दसवीं की अंकतालिका में उसका नाम पुष्पा देवी (PUSHPA DEVI) दर्ज है। पुष्पा देवी (PUSHPA DEVI) उर्फ पुष्पा रानी ये दोनों नाम एक ही लड़की यानि मेरी पुत्री के हैं। आज के बाद मेरी पुत्री को पुष्पा देवी (Pushpa Devi) के नाम से जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मैं, मंगत पुत्र श्री अंग्रेज निवासी रसीदा तह. नरवाना, जिला जीन्द बयान करता हूं कि पहले मेरा नाम मांगा गिरी था, अब मैंने अपना नाम सभी कागजातों में मंगत करवा लिया है। भविष्य में मुझे मंगत के नाम से जाना जाए।

## 100 छात्रों से अधिक संख्या वाले 292 विद्यालय होंगे शामिल

# जिलास्तरीय स्कूल प्रबंधन समिति का सम्मेलन 20 को: डीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

20 जुलाई को जिला कैथल के 292 स्कूलों का स्कूल प्रबंधन समिति का एक सम्मेलन करवाया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल डॉ विजयलक्ष्मी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने आज सभी खंड शिक्षा अधिकारियों तथा सभी संबंधित कर्मचारियों की एक बैठक ली ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी ने कहा कि जिला कैथल में 20 जुलाई को 292 स्कूलों के एसएमसी प्रधान व सदस्य सचिव का एक सम्मेलन बुलाया जाएगा । इस सम्मेलन में ऐसे विद्यालय भाग लेगे जिनकी छात्र संख्या 100 से अधिक है। उनके स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान को बुलाया जाएगा जिला कैथल में इस प्रकार की संख्या वाले 292 स्कूल हैं ।उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यो की एक प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस प्रदर्शनी में मिड डे मील, एनएसक्यूएफ,उल्लास, दिव्यांग, ई-अधिगम, बुनियाद,सुपर 100 , पीएम श्री स्कूलों से संबंधित स्टाल लगाए जाएंगे। स्टॉल के लिए संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित कर दी गई है तथा उनको अपनी अपनी जिम्मेवारी समझा दी गई है। डॉ विजयलक्ष्मी ने कहा कि प्रत्येक स्टॉल पर विभाग द्वारा बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी आए हुए अतिथियों को दी जाएगी । इस अवसर पर 10 स्टार अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा ।जिला स्तर पर जिन स्कूलों का कक्षा 10 वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम जिले में प्रथम स्थान पर रहा है उस एसएमसी को भी सम्मानित किया जाएगा ।जिन स्कूलों की आधारभूत संरचना में एसएमसी का विशेष योगदान रहा है उनको भी इस अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।





**कैथल।** जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विजयलक्ष्मी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी प्रबंधन समिति सम्मेलन के बारे में मीटिंग लेते हुए।

### दिशा निर्देश की अनुपालना सुनिश्चित करें: सरोज

जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सरोज कुमारी ने कहा कि प्रत्येक खंड शिक्षा अधिकारी आज की मीटिंग में जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनकी अनुपालना सुनिश्चित करें तथा सम्मानित होने वाले 10 स्टार अध्यापक और विभिन्न मदों में सम्मानित होने वाली एसएमसी के नाम की सूचना सोमवार तक कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में1000 के लगभग भागीदारी रहेगी इसलिए सभी अपनी-अपनी ड्यूटी अच्छी तरह से निभाएं ताकि जिला कैथल का यह जिला स्तरीय कार्यक्रम एक अनूठी तरह संपन्न किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम को अच्छी तरह से संपन्न करने के लिए सभी अधिकारियों की मीटिंग 8 जुलाई सोमवार दोपहर 3:00 बजे इसी कार्यालय में होगी ।जिसको भी जो ड्यूटी दी गई है वह अपने सारे रिकॉर्ड के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### रोजगार के लिए दिया जा रहा अनुदान

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम की व्यक्तिगत ऋण योजना के अन्तर्गत जिन महिलाओं की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है और आयकर दाता नहीं हैं, उन महिलाओं को राष्ट्रीयकृत बैंकों के माध्यम से जिला प्रबंधक द्वारा 1 लाख रुपये व अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा 1.50 लाख रुपये तक ऋण बैंको को स्पोंसर करने की शक्तियां मुख्यालय से प्राप्त हैं। इसमें हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा 25 प्रतिशत अनुदान राशि अधिकतम 10 हजार रुपये (सामान्य व बीसी केटेगरी के लिए) तथा 25 प्रतिशत अनुदान राशि (अनुसूचित जातियों के लिए) अधिकतम 25 हजार रुपये दी जाती है। लाभ प्राप्त कर्ता को कुल ऋण का 10 प्रतिशत हिस्सा खुद वहन करना पड़ेगा।

## खबर संक्षेप

### छेड़खाड़ के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल।** युवती से छेडखानी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चीका थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी करीब 22 वर्षीय युवती ने अपनी शिकायत में बताया कि 30 जून को शाम करीब पांच बजे वह अपने किसी काम से चीका गई हुई थी। वहां गुहला रोड पर अज्ञात आरोपियों ने उसके साथ छेडखानी की। पुलिस जांच शुरू कर दी है।

### कार्यालय से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी

**कैथल।** प्राथमिक कृषि सहकारी समिति कौल के कार्यालय से चोर लाखों रुपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। समिति के प्रबंधक राजीव कुमार ने ढांड थाना में शिकायत दी कि एक जुलाई को रात के समय अज्ञात आरोपियों ने समिति के कार्यालय में चोरी कर ली। जब अगले दिन करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी हो चुका था।

### हरिद्वार घूमने के लिए नहीं थे पैसे, बन गए चोर

**जींद।** डिटेक्टिव इंचार्ज रिषिपाल के नेतृत्व में टीम ने घरों में चोरी करने के मामले में गिरोह के छह सदस्यों को काबू किया है। काबू किए गए आरोपितों की पहचान कुणाल उर्फ जुल्मी वासी किशनपुरा, बीरू वासी बुढाबाबा बस्ती, तरसेम उर्फ जोगी, समीर उर्फ झंडू वासी सुभाष नगर, नवीन उर्फ गोली वासी गुप्ता कालोनी व सागर वासी अजमेर बस्ती के रूप में हुई है।

### कातिलाना हमले के तीन आरोपी काबू

**कैथल।** कातिलाना हमला करने के मामले की जांच थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर बीर सिंह की अगुवाई में पीएसआई सनेश की टीम द्वारा करते हुए त्वरित कार्रवाई दौरान आरोपी राजनगर पटियाला चौंक जींद निवासी राकेश तथा गांव थुआ जिला जींद निवासी मोनु व कपिल को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि फ्रांसवाला रोड कैथल निवासी डिंपल की शिकायत अनुसार करीब 12 साल पहले उसकी शादी राजनगर पटियाला चौंक जींद निवासी राकेश के साथ हुई थी।

### अधिकारी करेगे प्राथमिक कक्षाओं का निरीक्षण

**जींद।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों को एफएलएन के तहत प्रत्येक माह राजकीय स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं का निरीक्षण करना होगा। इसके लिए रा'य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा ने प्रत्येक माह के स्कूल व कक्षाएं निर्धारित की हैं। परिषद द्वारा जारी किए गए पत्र के अनुसार सभी एबीआरसी व बीआरपी को पहली से तीसरी कक्षा के सात स्कूल व 16 कक्षाओं की विजिट करनी होगी।

### रजबाहा रोड पर पैचवर्क से भरे जा रहे हैं गड्ढे

**उचाना।** गड्ढों में तबदील हो चुके उचाना के प्रमुख रजबाहा रोड पर गड्ढों से वाहन चालकों, राहगीरों को अब छुटकारा मिलेगा। पीडब्ल्यूडी द्वारा गड्ढों को पैचवर्क से भरवा जा रहा है। गड्ढो के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर में आने वाला प्रमुख रास्ता होने के साथ-साथ सुबह, शाम को रोड पर लोग शहर में पार्क नहीं होने के चलते मोरनिंग, इवनिंग वाक करते है।

### दादा खेड़ा के नवनिर्माण पर खर्च करेंगे 26 लाख

**उचाना।** दरोली खेड़ा गांव में दादा खेड़ा के नवनिर्माण का काम ग्रामीणों के सहयोग से करवाया जा रहा है। पूरे गांव से कमेटी बना कर चंदा एकत्रित किया गया। 26 लाख रुपए की राशि नवनिर्माण पर खर्च होगी। यहां पर मेन गेट बनाने के साथ-साथ गेट के पास खागड़ की प्रतिमा, अंदर भजन-कीर्तन करने के लिए चौक, ग्रिल लगाने के साथ-साथ पूजा-अर्चना करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए वाटर कूलर भी लगाया जाएगा।

# स्वास्थ्य विभाग की 'लक्ष्य टीम' ने नागरिक अस्पताल की टटोली नब्ज

## प्रसूति वार्ड, आपरेशन थियेटर, एमरजेंसी वार्ड का लिया जायजा

- मरीजों से की बात, गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले उपचार के बारे में ली जानकारी
- लक्ष्य टीम के दिशा-निर्देशों की होगी पालना : डॉ. भोला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का बुधवार को स्वास्थ्य विभाग की दो सदस्यीय लक्ष्य टीम ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम में मौजूद डा. अवतारजीत सिंह व डा. सुमिता मेहता सुबह ही पहुंच गई। टीम ने अस्पताल के प्रसूति वार्ड का जायजा लिया। जच्चा व बच्चा को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। साथ ही प्रसूति वार्ड से सभी रिकॉर्ड को भी करीब एक से डेढ़ घंटे तक खंगाला। टीम ने अस्पताल की महिला ओपीडी के अलावा महिला वार्ड ऑपरेशन थिएटर का भी जायजा लिया। टीम ने वार्ड में दाखिल मरीजों से भी बातचीत की। साथ ही स्टाफ नर्स से भी गर्भवती महिलाओं को दिए जाने वाले उपचार के बारे में जाना। टीम के साथ पीएमओ डा. जितेंद्र कादियान, डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला, डा. अरविंद, डा. मंजू सिंगला, डा. विनोद साथ रहे।



**जींद।** पीएमओ कार्यालय में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर मंथन करते हुए लक्ष्य टीम। *फोटो : हरिभूमि*



**जींद।** अस्पताल परिसर का जायजा लेते हुए लक्ष्य टीम, साथ पीएमओ जितेंद्र कादियान व अन्यय अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना उद्देश्य

गौरतलब है कि लक्ष्य कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य संस्थानों तथा अस्पतालों के मूल्यांकन किया जा रहा है। रा'य के सभी मेडिकल कालेज के साथ वैसे स्वास्थ्य संस्थान जहां प्रसव की संख्या 100 से अधिक है, उन स्वास्थ्य केंद्रों को लक्ष्य सर्टिफिकेट के लिए चिन्हित किया गया है। प्रशिक्षण का उद्देश्य मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना है। प्रशिक्षण के पश्चात संबंधित अस्पताल का स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा तैयार चेकलिस्ट के आधार पर गैप एनालिसिस किया जाना है।

### लक्ष्य टीम के दिशा-निर्देशों की होगी पालना : डॉ. भोला

डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि लक्ष्य टीम ने अस्पताल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। टीम द्वारा अस्पताल के प्रसूति वार्ड, आप्रेशन थियेटर, इमरजेंसी वार्ड का दौरा कर स्वास्थ्य अधिकारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाने के लिए मंथन किया है। टीम द्वारा अस्पताल की बेहतरी के लिए जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, उन पर तुरंत अमल किया जाएगा।

### लगभग चार घंटे तक लिया व्यवस्थाओं का जायजा

लक्ष्य की टीम बुधवार सुबह ही निरीक्षण को लेकर अस्पताल पहुंच गई थी। उन्होंने प्रसूति विभाग का जायजा लिया और सुविधाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इस प्रसूति विभाग, ओपीडी व ऑपरेशन थियेटर का जायजा लिया गया। टीम वार्ड में मरीजों को दिए उपचार से जुड़े रिकॉर्ड को भी देखा। लक्ष्य की टीम जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर नागरिक अस्पताल जींद को स्कोर देगी। फिर फाइल को मिनिस्ट्री ऑफ हैल्थ को जमा करवाया जाएगा।



### आर्मी से सेवानिवृत्त होकर आए हवलदार नरेंद्र का स्वागत

**उचाना।** आर्मी से सेवानिवृत्त होकर तारखा गांव पहुंचे हवलदार नरेंद्र का युवाओं, ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। बाइकों के काफिले के साथ खुली जीप में गांव में नरेंद्र को लेकर युवा, ग्रामीण आए। पौधरोपण करने के बाद गांव में अपनी तरफ से नरेंद्र ने वाटर कूलर लगाने का फैसला भी लिया। नरेंद्र ने बताया कि 2007 में वे आर्मी में भर्ती हुआ था। हाल में उसकी ड्यूटी श्रीनगर के लद्दाख में थी। 17 साल देश की सेवा करके वो सेवानिवृत्त होकर आया है। देशभक्ति से बड़ा कुछ नहीं है। देश हित में निरंतर काम करना चाहिए। देश को प्रगति, उन्नती के पथ पर कैसे लेकर जाए ये भावना युवाओं के मन में होनी चाहिए। इस मौके पर मंदीप, मनोज, विक्रम, संदीप, जितेंद्र, संदीप, मोहन लाल, सुरेश कुमार मौजूद रहे।
फोटो कैप्शन



### एमबीबीएस, बीडीएस विद्यार्थियों की इंटर्नस स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग हुई पूरी

**उचाना।** एमबीबीएस, बीडीएस विद्यार्थियों द्वारा लंबे समय से इंटर्नस स्टाइपेंड को मिलने वाले स्टाइपेंड को बढ़ाने की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे विद्यार्थियों की मेहनत रंग लाई। सरकार द्वारा इंटर्नस स्टाइपेंड को 17100 से बढ़ाकर 24310 की वृद्धि को मंजूरी दी। इस पर एमबीबीएस, बीडीपीएस के शीर्ष नेतृत्व ने पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, सीएम नायब सिंह सैनी, वित्त मंत्री जेपी दलाल, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का आभार प्रकट करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण वृद्धि न केवल चिकित्सा शिक्षा के कल्याण और प्रगति के प्रति समर्पण का प्रमाण है बल्कि मेडिकल इंटर्नस की कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता की भी पहचान है। डॉ. विनय चौधरी ने कहा इस स्टाइपेंड वृद्धि को मंजूरी देना सरकार की भविष्य के स्वास्थ्य पेशेवरों को पोषित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह एक सशक्त कदम है जो सभी इंटर्नस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालेगा।

# प्रेम विवाह पर गुजरात की तर्ज पर बने कानूनः विनोद बग्गा

- समाज में अत्याचार, लड़ाई-झगड़े व मर्डर जैसी आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में एक सामाजिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें समाज में बढ़ती रिलेशनशिप प्रेम विवाह पर चर्चा की गई। जिसमें समाजसेवी ठेकेदार विनोद बग्गा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि रिलेशनशिप प्रेम विवाह के कारण हमारे समाज में जगह-जगह अत्याचार, लड़ाई-झगड़े व मर्डर जैसी आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है। कई परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो जाते है। बहुत से मामलों में महिला या पुरुष की तरफ से किसी के भी चक्कर में पडकर बच्चों तक को छोड़ दिया जाता है और ऐसे बच्चों का जीवन भी काफी प्रभावित होता है। कई मामलों में महिलाओं का जीवन बर्बाद हो जाता है, वे पति को भी छोड़ देती है और बाद में प्रेमी भी छोड़ कर भाग जाता है और समाज भी घृणा की दृष्टि से देखता है। इस विषय में पूर्व मुख्यमंत्री के साथ पांच साल पहले भी मीटिंग हो चुकी है पर आज तक इस पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। ऐसे गंभीर मामले को लेकर लोगों में जागरूकता की जरूरत है। इसके लिए एक अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए कि कोई भी व्यक्ति ऐसे रिलेशनशिप प्रेम विवाह में न पड़े। समाज में ऐसे मामलों को सामाजिक बुराई के रूप में देखा जाता है। इसमें सामाजिक संस्थाओं को भी चाहिए कि वे लोगों में जागरूकता पैदा करें। इसे लेकर गुजरात की तर्ज पर हरियाणा में भी कानून बनाया जाना चाहिए।



# आयुष्मान कार्ड बंद होने पर किसानों का अनोखा प्रदर्शन

- किसानों ने धरने पर आए लोगों सहित अन्य से किसान, मजदूर का आयुष्मान के नाम से गुलक बना कर किया चंदा एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना




**उचाना।** किसान मजदूर का आयुष्मान के नाम से गुलक बना चंदा एकत्रित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

केंद्र सरकार से आयुष्मान कार्ड की पेमेंट प्राइवेट अस्पतालों में नहीं आने पर बीते कुछ दिनों से प्राइवेट अस्पतालों द्वारा आयुष्मान से उपचार बंद कर दिया है। इसको लेकर अब उपचार के लिए आने वाले लोग दर-दर की ठोकरे खा रहे है। उचाना के किसानों ने अनोखा प्रदर्शन करते हुए किसान, मजदूर का आयुष्मान के नाम से गुलक बना कर उसमें चंदा एकत्रित किया। यहां से जो भी राशि एकत्रित होगी वो पीएम फंड में भेजी जाएगी। उपमंडल कार्यालय में चल रहे धरने के संयोजक आजाद पालवां ने कहा कि हमारा धरना काफी लंबे समय से चला हुआ है। धरने पर हमें पता चला कि कुछ दिनों से प्राइवेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड धारकों का उपचार नहीं हो रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत सरकार द्वारा प्राइवेट अस्पतालों को दी जाने वाली भुगतान राशि नहीं दी जा रही है। जिसके कारण आयुष्मान कार्ड से होने वाले मुफ्त उपचार को बंद कर दिया है। आज गरीब व्यक्ति दर.दर भटक रहा है। प्राइवेट अस्पतालों में जाने पर डॉक्टर वहां उपचार को मना कर रहे है। करोड़ों रुपए की पेमेंट हरियाणा के डॉक्टरों की रूकी हुई है। जिसके चलते उपचार बंद करने का फैसला प्राइवेट डॉक्टरों ने लिया है। सरकार ये पेमेंट करके जो आयुष्मान कार्ड से उपचार रूका हुआ है उसको शुरू करवाने का काम करें। पांच लाख रुपए तक का उपचार इस कार्ड से होता है। उन्होंने कहा कि सरकार की गलत नीतियों का परिणाम है कि प्राइवेट अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड से होने वाले उपचार को बंद करना पड़ा। सरकार को चाहिए कि वो आयुष्मान को लेकर फंड अलग से बनाए ताकि ये सुविधा बंद न हो। सरकार को रुपए भेजने के लिए किसानों ने आज मिलकर रुपए एकत्रित करने का काम किया है। ये राशि पीएम राहत कोष में भेजी जाएगी। उपचार जल्द शुरू नहीं हुआ तो चंदा एकत्रित करके राशि सरकार का भेजेंगे।

### सांसद नवीन जिंदल का धन्यवादी दौरा आज

**गुहला-चीका।** कुरुक्षेत्र लोकसभा सांसद नवीन जिंदल 4 जुलाई को गुहला चीका हल्के में धन्यवादी दौरे पर रहेंगे। भाजपा के कैथल जिलाध्यक्ष अशोक गुर्जर ने बताया कि इस दौरान सांसद नवीन जिंदल दोपहर 12:30 बजे अग्रवाल धर्मशाला में आम जनता से रूबरू होंगे। उन्होंने बताया कि लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करने के लिए सांसद की ओर से सभी विधानसभाओं के दौरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद के साथ-साथ एक प्रतिष्ठित हस्ती के रूप में भी नवीन जिंदल लगातार क्षेत्र की जनता से जुड़े रहे हैं। यहां के लोगों से उनका विशेष स्नेह है। सांसद कार्यालय की ओर से जल्द ही पूर्व की तरह सभी जनहित की योजनाओं को पुनः शुरू किया जाएगा।

# एसपी से यातायात व्यवस्था सुधारने की मांग

- एसपी ने व्यापार मंडल प्रतिनिधियों के साथ की बैठक
- समस्याएं सुन त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को दिशा-निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बुधवार को जींद शहर के व्यापार मंडल के साथ बैठक की। बैठक में एसपी ने व्यापारियों की समस्याओं व शिकायतों को सुन उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उन्होंने व्यापारियों को पुलिस की तरफ से हर समय हर संभव सहायता व सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया और कहा गया कि कोई भी किसी भी समय किसी भी प्रकार की समस्या शिकायत पुलिस से बता सकता है। जिसका गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाएगा। बैठक में व्यापारियों द्वारा मुख्यतः उठाए गए मुद्दों में बाजार के भीतर यातायात व्यवस्था, घंटाघर के पास रेहड़ी लगा कर जाम लगाने व लोगों द्वारा आरा रोड पर ठेके के सामने सरे आम शराब पीने जैसी समस्याएं रखी थी।

इस दौरान व्यापारियों ने खुद बताया कि कुछ दुकानदार भी अपनी दुकानों के बाहर सामान रखते हैं जिससे भी सड़क पर जाम की समस्या बनी रहती है। एसपी सुमित कुमार ने समस्याओं के समाधान के लिए डीएसपी यातायात, थाना यातायात प्रभारी व थाना शहर जींद प्रभारी को शहर में गश्त बढाने बारे व बाजार की गलियों में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने बारे आदेश दिए हैं। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का गैरकानूनी कार्य व नशा बेचने वालों की सूचना तुरंत पुलिस को दें जिससे उस पर तत्परता से कार्यवाही हो सके।



**जींद।** व्यापारियों के साथ बैठक करते हुए एसपी सुमित कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

### दुकानों में सीसी टीवी कैमरे अवश्य लगवाएं : एसपी

एसपी ने कहा कि अपनी दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करते रहें कि कैमरे ठीक काम कर रहे है या नहीं। गोष्ठी में व्यापारियों को सुरक्षा के मद्देनजर अपनी-अपनी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने का सुझाव दिया गया। जिससे किसी भी आपराधिक गतिविधि पर नजर रखी जा सके। उन्होंने व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।



### धान की सीधी बिजाई के लिए किसानों को किया प्रेरित

**उचाना।** घासो खुर्द गांव में धान की सीधी बिजाई पर कैंप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर उप मंडल कृषि अधिकारी डॉ. बलजीत सिंह लाठर पहुंचे। डॉ. लाठर ने धान की सीधी बिजाई से होने वाले लाभों के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। डा. लाठर ने बताया कि धान की सीधी बिजाई करने से समय की बचत, लेबर की बचत होती है। सरकार भी 4000 रुपए प्रति किला सहायता राशि भी दे रही है। मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर ऑनलाइन इसकी जानकारी दे। सरकार की विभिन स्कीमों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। इस मौके सचिन भारद्वाज सुपरवाइजर, राजेश कुमार सहायक प्रोद्योगिकी प्रबंधक, मनबीर सिंह सहायक प्रोद्योगिकी प्रबंधक मौजूद रहे।




### अंतराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर चलाया जागरूकता अभियान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसायटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट (सेव) ने नगर परिषद के साथ मिलकर बुधवार को अंतरराष्ट्रीय प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस पर जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान संस्था सदस्यों ने कुंदन सिनेमा से सफीदों गेट एरिया में पॉलिथीन बैग का प्रयोग मत करो का संदेश दिया। सेव संस्था द्वारा चलाया गया यह 386 वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक बैग प्रयोग नहीं करने की सलाह दी ओर कपड़े के थैले निशुल्क बांटने के लिए कहा। नगर परिषद सीएसआई अनिल नैन ने टीम सहित सेव संस्था के साथ मिल कर यह अभियान चलाया। इस दौरान सेव संस्था ने 250 बैग बांट कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक बैग प्रयोग न करने के लिए प्रेरित किया। हरफूल सैनी ने कहा कि प्लास्टिक बैग प्रयोग नहीं करना करना चाहिए और अपने घर से एक कपड़े का बैग साथ लेकर आना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक बैग पर्यावरण को दूषित करता है। जिससे अनेकों बीमारियां फैलती है।

## कैमरों का कंट्रोल रूम पुलिस थाना बनाया गया

# बढ़ रही चोरी, शहर में लगी तीसरी आंख शोपीस बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

रेलवे रोड, हाइवे, लितानी रोड सहित शहर के प्रमुख बाजारों, चौराहों पर हाई क्वालिटी के लगाए गए कैमरे अब शो-पीस बन कर रह गए है। इन कैमरों का कंट्रोल रूम पुलिस थाना बनाया गया है। ये कैमरे इतनी बेहतर क्वालिटी के है कि आते-जाते वाहनों के नंबर तक कैमरे की रिकार्ड़िंग के दर्ज होते है। जब जींद में एसपी नरेंद्र बिजरानिया थे। भाजपा के साथ जेजेपी का गठबंधन था तब डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला द्वारा इन कैमरों का शुभारंभ किया था। पुलिस थाना में कंट्रोल रूम इसलिए बनाया गया था ताकि पूरे शहर पर पुलिस की नजर रहे। अब काफी समय से ये काफी कैमरे इनमें से बंद है। इन दिनों शहर में बाइकों की चोरी भी बढ़ रही है। शायद ही कोई ऐसा दिन बीतता होगा जिस दिन बाइक चोरी नहीं होता हो। बाइक चोरी में कई बार वाहन मालिक की गलती होती है। बाइक में चॉबी छोड़ देते है तो बाइक को लॉक नहीं करते।

पुलिस प्रशासन द्वारा वाहन चालकों को बाइक को लॉक करने के साथ-साथ वाहन में चॉबी नहीं छोड़ने की अपील भी की जाती रही है लेकिन वाहन चालक इन बातों ध्यान नहीं देते। सीसीटीवी कैमरे भी खराब है ऐसे में बाइक चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले बे-खौफ है। बीती 28 जून की रात को भी मंडी में एक मकान के ताले चोरों ने तोड़े तो एक मकान से बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इन कैमरों की तारों को बंदर भी तोड़ देते है जिससे कैमरे बंद रहते है। थाना प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि पुलिस थाना ने कंट्रोल रूप में लिए जगह दी थी। शहर में लगे कैमरों के रखरखाव की जिम्मेदारी नपा की होती है। शहर के लोगों को अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति बाजारों,गलियों में दिखे, खुद के सीसीटीवी कैमरे की रिकार्ड़िंग में संदिग्ध व्यक्ति हो तो तुरंत पुलिस थाना, चौकी में सूचना दे ताकि समय रहते ऐसे संदिग्ध से पूछताछ की जा सकें और आरोपियों पर जल्द कार्रवाई हो सके।



**उचाना।** रेलवे रोड पर लगे सीसीसीटीवी कैमरे जो बंद है।